Udit Vani Jamshedpur Jharkhand

# आईडीटीआर को मिला बेस्ट इंस्टीट्युशन आफ द ईयर 2021 का खिताब

**जमशेदपुर:** बेस्ट इंस्टीट्युशन आफ द ईयर 2021 का खिताब जीतकर इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर ने द बोर्ड आफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग ईस्टर्न रीजन में परचम लहराया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत द बोर्ड आफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग ईस्टर्न रीजन के तत्वावधान में पहली बार रिजनल अप्रैटिंग डे 2021 का आयोजन किया गया था। जिसमें ईस्टर्न रिजन के विभिन्न राज्यों के काफी संख्या में तकनीकी शैक्षिणिक संस्थानों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने भाग लिया।जिसमें इंडो डेनिश टूल रूम अव्वल रहा। कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता के साल्टलेक स्थित रवींद्र ओकाकुरा भवन में कियागया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्नातक व डिप्लोमाधारी इंजीनियर जो प्रत्यक्ष रुप से रोजगार पाने में असफल रहे हैं उनको बीओपीटी के थ्रु नौकरी कौशल प्रशिक्षण प्रदान कराना है, ताकि उन्हें रोजगार मिल सके। कार्यक्रम में बीओपीटी के निदेशक एसएम इजाज अहमद,केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सचिव अचिंत कुमार, मनोज सिन्हा डायरेक्टर आपरेशन टेगा इंडस्ट्रीज लिमिटेड बीओपीटी के निदेशक व आईआईटी खड़गपुर के



निदेशक वीरेंद्र कुमार तिवारी के अतिरिक्त सहायक निदेशक के चंद्रमौली मानस खवास आफिसर इन स्पेशल ड्युटी बीओपीटी के अतिरिक्त बीओपीटी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इंडो डेनिश टूलरुम जमशेदपुर का प्रतिनिधित्व इंजीनियर प्रोडक्शन सुमित सिंह व प्लेसमेंट एसोसिएट्स पंकज कुमार ने किया।